करवाचौथ पर चांद की पूजा कर खोला व्रत...पतियों ने दिए जीवन संगिनी को उपहार

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

करवाचौथ के पावन पर्व पर अपने पति की दीघार्यु की कामना एवं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए सुहागिनों ने निर्जला व्रत किया। महिलाओं ने सोलह श्रृगार कर पूणार्कार लिए चांद के क रीब रात्रि 9 बजे दर्शन कर अर्घ्य दे पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की और अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला। दिन ढलते ही घरों में करवा चौथ की पूजा आरंभ हो गई। पूजा खत्म होते ही उन्होंने आसमान की ओर निहारना शुरू कर दिया। जैसे ही चांद का दीदार हुआ सुहागिनों ने छलनी में दीपक जलाकर चंद्रदर्शन किए। मिट्टी के करवा में जल भर कर चांद को अर्घ्य दिया। उसके बाद छलनी में अपने पति का चेहरा देखकर उनके हाथों से पानी पीकर करवाचौथ व्रत की इति की।

पूजा से पहले सुहागिनों ने नाक में डोलती हुई नथनी, कमर में करधनी, माथे पर टीका, पैरों में पायजेब और हाथों में खनकती चूड़ियों के साथ जब नववधुओं ने सौलह श्रृगार किया, तो

गौरवशाली भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखरती नजर आई, जिसे पतियों ने कैमरे में कैद करके सदा के लिए सहेज लिया। नवयौवनाओं के साथ वे महिलाएं भी दुल्हन की तरह सजी-सवंरी जिनकी शादी को ए एक दशक से अधिक समय हो गया है। बुजुर्ग महिलाओं ने सादगीपूर्ण ढंग से करवाचौथ का पूजन किया। पूजन के बाद अपने सास-ननद को सुहाग का सामान दान दिया।

करवाचौथ पर बहू का व्रत पूरा कराने के लिए सासों ने खास तैयारियां की थीं। बहू को तोहफे में देने के लिए साड़ी और कई प्रकार के उपहार लेकर आई थीं और काम में हाथ बंटाया

जिससे बहू के हाथों की मेहंदी और मेकअप खराब न हो जाए। बहू और बेटी का करवाचौथ स्पेशल बनाने मां और सास सभी व्यस्त हैं। एक दिन पहले सरगी भेज दी है, जिससे वह व्रत रखकर पति की दीघार्यु की कामना कर सकें। शाम को चांद का दीदार होने के बाद बहुओं ने सास और ननद को उपहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। निर्जला व्रत रखकर अपने पति के लिए ईश्वर से कामना करने वाली अपनी पत्नी को उनके पति ने करवाचौथ का खास उपहार सौंपा। डिजायनर साड़ी, सोने की नथ, गोल्ड व डायमंड रिंग उपहार के रूप में इस मौके पर दिए गए। वहीं सेन्ट्रल जेल में भी महिला बंदियों ने करवाचौथ व्रत की पूजा की। इस दौरान महिला बंदियों ने विधि-विधान से करवाचौथ का पूजन किया और चंद्रमा को अर्घ देकर अपने पति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान पति के दूर होने से बंदी महिलाओं की आंखे सजल हो उठी। जेल-प्रशासन द्वारा उन्हें पूजा की सामग्री उपलध कराई गई।

पंजाबी महिलाओं ने किया सामूहिक पूजन

पंजाबी समाज द्वारा आनंद भवन जयेंद्रगंज में सामूहिक रूप से करवा चौथ मनाई गई। पंजाबी परिषद द्वारा आयोजित सामूहिक करवा चौथ पूजन में 451 महिलाएं शामिल हुईं। इस मौके पर नवविवाहित एवं वरिष्ठ जोड़ों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राजू पंडित, कुलवीर भारद्वाज, अशोक मारवाह, जीके सूरी, महिला अध्यक्ष प्रमिला मारवाह, रश्मि सूरी, साकेत आनंद , रमी आनंद सहित अनेक पंजाबी समाज के लोग मौजूद रहे।

सार.समाचार

दीपांश गुप्ता मण्डल उपाध्यक्ष चुने गए

ग्वालियर। जेसीआई इंडिया मण्डल 6 की दो दिवसीय जोनकोन भावना 2023 का आयोजन होटल आदित्याज में हुआ, जिसमें 32 अध्याय शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव अधिकारी जेसी संदीप विजयन थे, जिसमें जेसीआई ग्वालियर से दीपांश गुप्ता मण्डल उपाध्यक्ष चुने गए एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जेसीआई ग्वालियर से नितिन मांगलिक, साकेत गुप्ता, संदीप अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, नीलेश बिंदल, लक्ष्मण शर्मा, अजीत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

हर चुनावी खबर पर पैनी नजर रखें : कलेक्टर

- मीडिया अनुवीक्षण कक्ष किया का निरीक्षण
- खबरों की छानबीन करने के दिए निर्देश

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली चुनाव प्रचार से संबंधित हर खबर पर पैनी नजर रखें। खबरों की बारीकी से छानबीन करें और जो खबर पेड न्यूज के दायरे में आए, उसे एमसीएमसी के ध्यान में लाएं। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने गुरूवार को संभागीय जनसंपर्क कार्यालय परिसर में मीडिया अनुवीक्षण कक्ष का एक बार फिर से जायजा लेते हुए कही।

जिले में केवल चैनलों एवं एफएम रेडियो से प्रसारित चुनावी कार्यक्रमों व खबरों पर 24 घण्टे नजर रखी जा रही है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत रंगमहल गार्डन के सामने स्थित संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में मीडिया अनुवीक्षण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह देखा जा रहा है कि प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार से संबंधित खर्चा छुपाया तो नहीं जा रहा है। जो भी पेड न्यूज साबित होगी उसका खर्चा संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जायेगा।

आयोग के निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति (एमसीएमसी) गठित की गई है।

कलेकटर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने गुरूवार को मोतीमहल में स्थित स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खासतौर पर जिले में स्थापित 18 नाकों पर एसएसटी द्वारा की जा रही वाहनों की चैकिंग सहित अन्य कार्रवाई सीसीटीव्ही कैमरों के जरिए देखी। साथ ही कम्युनिकेशन प्लान को अंजाम देने के लिए निर्धारित कक्ष का जायजा भी लिया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी की सीईओ नीतू माथुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कंट्रोल रूम में सूचनाएं दर्ज कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा टोल फ्री नम्बर 0751-2990099 जारी किया गया है। इसके अलावा कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0751-2646604 व 2646605 है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के संबंध में इन नम्बरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत अथवा सूचना दर्ज करा सकता है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे काम कर रहा है।

शरदोत्सव के तहत संगीत निशा का आयोजन

महू » ग्वालियर

संगीत प्रेमियों ने शरद उत्सव के तहत संगीत निशा का आयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र श्रीवास, संजय दीवान थे। कार्यक्रम शाम साढ़े 6 बजे से रात 10 बजे तक चला।

राजजन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित एवं संस्कृति म्युजिक ग्रुप द्वारा संयोजित इस लाइव संगीत कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह कार्यक्रम में फिल्म जगत के चांद पर आधारित गीत एवं अन्य सुपरहिट गीतों का चयन किया गया। युगल गीतों में सुरेश वैद्य, सुनील कौशल/ शिखा कश्यप, अनिलरॉय बाथम तथा सुरेश मोरे, उमेश यादव ने अलग -अलग व मेघा मकरानी के साथ युगल गीत की प्रस्तुति दी। सीपी शर्मा और राजकुमार बागड़ी ने पलक डाबोर के साथ, पायल सोलंकी, सोनू डॉलर, पूर्णिमा होल्कर, धीरज कुमार के साथ ही सोलो में अमरसिंह वर्मा, अतुल शुक्ला, प्रमोद शर्मा, योगेश पहारे ने शानदार गीत प्रस्तुत किए। संगीत संयोजन कीबोर्ड पर संजय दीवान, कांगो सालोमन डेविड, ढोलक राकेश कश्यप, आक्टोपेड पर विनोद मेहना ने अमन साउंड के साथ अपनी शानदार जुगलबंदी की। कार्यक्रम में सूत्रधार के रूप में राजकुमार बागड़ी एवं जया शेट्टी ने समा बांधे रखा। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वतीजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन अतिथि के रूप में उपस्थित राधेश्याम यादव, धनराज परदेसी, दिनेश कलोसिया व वासुदेव यादव ने किया। कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता का सन्देश भी जन-जन तक पहुंचाया गया।

जीएसटी चोरी मामले में व्यापारी को जमानत दी

ग्वालियर। लगभग 2 करोड के जीएसटी चोरी के मामले में आरोपी व्यापारी राकेश कुमार गुप्ता को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। राकेश पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी तरीके से टेक्स क्रेडिट क्लेम किया और 2 करोड रुपए के लगभग जीएसटी टैक्स की चोरी की है।

इधर बहुचर्चित रहे जेयू के फर्जी छात्रा को एमबीबीएस डिग्री जारी करने के मामले में आरोपित प्रतीक्षा दायमा और उसके साथी मोहम्मद शफीक ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। इन पर किसी अन्य छात्रा के दस्तावेजों को फर्जी तरीके से उपयोग कर जेयू से पहले मार्कशीट और फिर डिग्री निकलवाने का आरोप है।

खाते से निकले 28 हजार रुपए वापस करवाए

ग्वालियर » ग्वालियर

बैंक का कर्मचारी बनकर 28 हजार का चूना लगाने के मामले में सायबर क्राइम टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए फरियादी के 28 हजार रुपए वापस करा दिए।

आकाश राजौरिया ने एसपी राजेश सिंह चंदेल को एक शिकायती आवेदन पत्र देकर बताया कि उसके पास अज्ञात नबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए एक लिंक भेज रहें हैं। इस पर लिक करके अपने कार्ड से संबधित जानकारी भरकर जमा करना है। आकाश के मुताबिक जैसे ही उसने लिंक पर लिक कर जानकारी भरकर फार्म सबमिट किया तो तुरन्त ही उसके क्रेडिट कार्ड से 28 हजार रुपए का ट्रांजेसन अपने आप हो गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी चंदेल ने सायबर क्राइम विंग को कार्रवाही करने के लिए निर्देशित किया।

सायबर क्राइम विंग की टीम ने फरियादी के मोबाइल मे आए ट्रांजेशन के मैसेज का अवलोकन किया तो पता चला कि क्रेडिट कार्ड से निकली राशि क्रोमा व अन्य प्लेटफॉर्म पर स्थांतरित हुई है। इस पर टीम ने तत्काल बैंक व वॉलेट कपनियों से संपर्क कर फरियादी के खाते से निकले 28 हजार रुपए वापस करा दिए।

ग्वालियर को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित करने पर मनाया जश्न

ग्वालियर। मधुर मित्र संगीत समूह द्वारा करवा चौथ के विशेष अवसर पर अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र की कामना के साथ उनके लिए अपना प्यार गीतों के माध्यम से व्यक्त किया। गीतो की प्रस्तुति रश्मि पित्रे, डॉक्टर प्रियंका मिश्रा, डॉक्टर कविता शर्मा, प्रवीण सक्सैना, सुनेत्र पाल, संगीता भदौरिया, लक्ष्मी तिवारी, पूर्णिमा पटवर्धन, डॉक्टर संदीप वाजपई ने दी। वहीं यूनेस्को द्वारा ग्वालियर को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित किए जाने पर सभी को बधाई दी और सभी का आभार ग्रुप चीफ एडमिन अंकित शर्मा ने व्यक्त किया।

शरद उत्सव में गीत-गजल की प्रस्तुति

ग्वालियर। मधुर मित्र संगीत समूह द्वारा करवा चौथ के विशेष अवसर पर अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र की कामना के साथ उनके लिए अपना प्यार गीतों के माध्यम से व्यक्त किया। गीतो की प्रस्तुति रश्मि पित्रे, डॉक्टर प्रियंका मिश्रा, डॉक्टर कविता शर्मा, प्रवीण सक्सैना, सुनेत्र पाल, संगीता भदौरिया, लक्ष्मी तिवारी, पूर्णिमा पटवर्धन, डॉक्टर संदीप वाजपई ने दी। वहीं यूनेस्को द्वारा ग्वालियर को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित किए जाने पर सभी को बधाई दी और सभी का आभार ग्रुप चीफ एडमिन अंकित शर्मा ने व्यक्त किया।

महू विधानसभा में 11 प्रत्याशी मैदान में

महू। महू विधानसभा में 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां पर मुख्य मुकाबला भाजपा कांग्रेस के बीच ही होना है लेकिन पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार के निर्दलीय मैदान में उतरने से यहां पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार ने कांग्रेस से इस्तीफा भी दे दिया है। चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में होना है, लेकिन कांग्रेस से बागी निर्दलीय उम्मीदवार अंतर सिंह दरबार भी कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए हैं।

बुल्गारिया और किर्गिस्तान के राजदूत ने किला और जय विलास संग्रहालय का किया अवलोकन

बुल्गारिया के राजदूत की दिल्ली के बाहर पहली यात्रा

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

शहर में हाल ही में सपन्न हुए उद्भव उत्सव में पधारे विशेष अतिथि भारत में किर्गिस्तान के राजदूत अकसर बेशिमोव एवं भारत में बुल्गारिया के राजदूत निकोले यानकोव ने सपरिवार ग्वालियर किला और जयविलास संग्रहालय का भ्रमण किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने इन प्रमुख परिसरों की सुंदरता और महत्व को करीब से महसूस किया। जय विलास पैलेस पहुंचने पर निदेशक गायत्री सिंह और उद्भव इंडिया से हरीश पाल ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

संग्रहालय की भव्यता और सुंदरता वहां उपस्थित राजवंश की धरोहरों और कलाकृतियों ने विदेशी मेहमानों का मन मोह लिया और वे कलाकृतियों को निहारते रहे। दरबार हॉल के विशाल झूमर और चांदी की ट्रेन से सुसज्जित डाइनिंग हॉल को देखकर विदेशी मेहमान अचंभित हुए। उन्होंने विदा लेते समय महल की निदेशक गायत्री सिंह एवं सभी कर्मचारियों का

आभार व्यत किया। तत्पश्चात सभी अतिथि ग्वालियर के किले का भ्रमण करने निकले। उन्होंने इस प्राचीन किले के ऐतिहासिक महत्व और शौर्य के अद्वितीय संदर्भ को विस्तारपूर्वक समझा। किले की महाकाव्यिक शैली और उसकी गुफाएं, संगीत महल और संग्रहित असली राजाओं एवं योद्धाओं की सामग्री के आकर्षण ने अतिथियों को अचंभित कर दिया।

बुल्गारिया के राजदूत निकोले यानकोव ने बताया कि उन्होंने अभी दो महीने पहले ही कार्यभार संभाला है और व्यस्तता के चलते अभी दिल्ली के अलावा कहीं भी नहीं घूम पाए हैं। भारत में ग्वालियर उनकी पहली आउटडोर यात्रा है जिसमें उन्हें पत्नी के साथ कुछ हसीन पल गुजारने का मौका मिला। उन्होंने भारत में मनाए जाने वाले त्योहार करवा चौथ के बारे में भी पूरी जानकारी ली और इसे सुनकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। उनकी पत्नी ने कहा कि भारत की महिलाएं वास्तव में अदभुत हैं, जो दिन भर बिना अन्न-जल ग्रहण किए अपने पति की आयु के लिए ये कठिन उपवास करती हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति, पर्व, कला और ज्ञान को नमन किया और यहां के नागरिकों को बुल्गारिया में पर्यटन हेतु आमंत्रित किया।

Yellow Diamond

PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2005PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in, E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

EXTRACT OF UNAUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF-YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023

(INR in lakhs except as stated)

PARTICULARS	QUARTER ENDED			HALF-YEAR ENDED		YEAR ENDED
	30.09.2023 Unaudited	30.06.2023 Unaudited	30.09.2022 Unaudited	30.09.2023 Unaudited	30.09.2022 Unaudited	31.03.2023 Audited
Total revenue from operations	45,370.16	38,782.16	45,728.45	82,152.32	85,985.55	1,65,293.22
Net profit for the period (before Tax, exceptional and/ or extraordinary items)	2,301.62	1,796.96	516.16	4,098.58	(1,057.41)	151.28
Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items)	2,301.62	1,701.05	516.16	4,002.67	(1,057.41)	151.28
Net profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items)	1,652.44	1,342.47	326.62	2,994.91	(669.12)	2,031.18
Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	1,666.64	1,346.26	351.97	3,012.90	(627.60)	2,079.15
Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each	1,192.97	1,192.97	1,172.65	1,192.97	1,172.65	1,172.65
Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year)						66,450.66
Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised)						
Basic - INR	6.93	5.63	1.39	12.55	(2.85)	8.51
Diluted - INR	6.92	5.63	1.39	12.54	(2.85)	8.51

Notes:

1. The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 02 November 2023.
2. The Company has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the performance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.
3. During the quarter ended 30 September 2023, the Company has distributed final dividend of INR 1.00 per equity share amounting to INR 238.60 lakhs as approved by the shareholders in their annual general meeting on 3 August 2023 for the financial year 2022-23.
4. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2023 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 02nd November, 2023

Amit Kumar
Managing Director and Chief Executive Officer

AMEL PUB